भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2753

दिनांक 22 **दिसंबर**, 2022

तमिलनाडु में पेट्रोल पंप

†2753 **डॉ.डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) का तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल पंप स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ मानदण्डों/दिशा-निर्देशों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु में स्थापित किए गए पेट्रोल और डीजल पंपों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता और खपत पर नव-स्थापित और विद्यमान पेट्रोल पंपों का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ड.) भविष्य में पेट्रोल और डीजल की मांग और खपत को ध्यान में रखते हुए आगामी वर्षों में अतिरिक्त पेट्रोल/डीजल पंप स्थापित करने की योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ङ): सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) द्वारा खुदरा बिक्री केंद्र (आरओ) नेटवर्क (शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में) का विस्तार एक सतत प्रक्रिया है जो मोटर ईंधन जैसे पेट्रोल और डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता को पूरे देश सहित तमिल नाडु के ग्रमीण क्षेत्रों में सुनिश्चित करता हैI सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा क्षेत्र के सर्वेक्षण और व्यवहार्यता अध्ययन के आधार पर चिन्हित स्थानों पर खुदरा बिक्री केंद्र स्थापित किए जाते हैंI खुदरा बिक्री केंद्रों की स्थापना के लिए विपणन योजनाओं में ऐसे स्थानों को रोस्टरबद्ध किया जाता है जो पर्याप्त रूप से सक्षम और आर्थिक रूप से व्यावहारिक हैंI देश में आरओ डीलरशिप के आबंटन की प्रक्रिया/ कार्यप्रणाली/ मानदंड www.petrolpumpdealerchayan.in पर उपलब्ध हैI

देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित तमिल नाडु राज्य में नए शुरू किए गए और मौजूदा पेट्रोल पम्प निकट के उपभोक्ता केंद्रों को पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता की सुविधा प्रदान करेंगेI

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिल नाडु सहित देश में स्थापित किए गए पेट्रोल और डीजल के पम्पों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक** में दी गई हैI

****

अनुलग्नक

तमिल नाडु में पेट्रोल पम्पों के संबंध में दिनांक 22-12-2022 **को पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं.** 2753 **के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**।

सार्वजनिक क्षेत्र के ओएमसीज: **देश में वर्ष** 2019-20, 2020-21, 2021-22 **और अप्रैल से सितम्बर** 2022 **के दौरान स्थापित (शुरू) किए गए खुदरा बिक्री केंद्रों की संख्या**

क्रम सं.	**राज्य/केंद्र शासित प्रदेश**	**सार्वजनिक क्षेत्र के ओएमसीज के खुदरा बिक्री केंद्र**
1	आंध्र प्रदेश	752
2	अरुणाचल प्रदेश	92
3	असम	329
4	बिहार	581
5	छ तीसगढ़	732
6	दि ली	2
7	गोवा	9
8	गुजरात	1144
9	हरियाणा	770
10	हिमाचल प्रदेश	164
11	झारखंड	457
12	कर्नाटक	1333
13	केरल	385
14	मध्य प्रदेश	1780
15	महाराष्ट्र	1444
16	म णपुर	78
17	मेघालय	58
18	मिजोरम	35
19	नागालैंड	75
20	ओ डशा	584
21	पंजाब	505
22	राजस्थान	1343
23	सिक्किम	13
24	तमिल नाडु	1104
25	तेलंगाना	1079
26	त्रिपुरा	38
27	उत्तर प्रदेश	2649
28	उत्तराखंड	145
29	पश्चिम बंगाल	591
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह केंद्र शासित प्रदेश	5
31	चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश	6
32	दादर और नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश	2
33	दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेश	2
34	जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश	118
35	ल ाख केंद्र शासित प्रदेश	17
36	लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश	2
37	पुदुच्चेरी केंद्र शासित प्रदेश	17
	अखिल भारत	18440

स्रोत-पीएसयू ओएमसीएस